एक्वा लाइन में यात्रियों की संख्या बढ़ी

जासं, नोएडा : सेक्टर-51 स्टेशन से सबसे अधिक यात्री मेट्रो की सुविधा ले रहे हैं। बुधवार को एनएमआरसी ने 26 जनवरी से लेकर 28 मई तक के आंकड़े जारी किए। वहीं ग्रेटर नोएडा का परी चौक सबसे अधिक यात्रियों वाला स्टेशन है। सेक्टर-147 स्टेशन से सबसे कम यात्री आने जाने के लिए मेट्रो की सुविधा ले रहे हैं।

सेक्टर-51 से प्रतिदिन औसतन 4048 यात्री सफर के लिए मेट्रो रेल की सेवा ले रहे हैं। जबकि ग्रेटर नोएडा में परी चौक स्टेशन से प्रतिदिन औसतन 1707 यात्री सफर कर रहे हैं। इन दो स्टेशनों के बाद संख्या के लिहाज से सबसे अधिक यात्रियों वाला स्टेशन एनएसइजेड है। जहां से प्रतिदिन 982 लोग सफर करते हैं। एक्वा लाइन पर 26 जनवरी से मेट्रो चलना शुरू हुई थी। मेट्रो की राइडरशिप 16 लाख 38 हजार तक पहुंच गई है। हालांकि राजस्व के लिहाज से नॉलेज पार्क स्टेशन टॉप थ्री में है। 27 मई को मेट्रो में सबसे अधिक यात्रियों ने अपना सफर पूरा किया। इस दिन 19413 लोगों ने यात्रा की। सबसे अधिक राजस्व 580285 भी इसी दिन मिला। नोएडा ग्रेटर नोएडा मेट्रो रेल में लगातार यात्रियों की संख्या बढ़ रही है।